कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

संख्याः एम0ई0–3/2016/ 2471 लखनऊःदिनांकः 06 सितम्बर 2016

नीट यू0पी0 2016 की प्रथम चक्र की काउंसिलिंग में दिनांक 08 सितम्बर 2016 को निजी क्षेत्र के मेडिकल व डेण्टल कालेजों/ संस्थानों/विश्वविद्यालयों में आवंटन प्राप्त करने वाले छात्रों के प्रवेश के सम्बन्ध में अति आवश्यक सूचना

नीट यू0पी0 2016 की प्रथम चक्र की काउंसिलिंग से आवंटित छात्रों के प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक 08 सितम्बर 2016 निर्धारित की गई है। शासनादेश संख्या–3740(3)/ 71–2–2016–162/2016 दिनांक 04 सितम्बर 2016 में निहित निर्देशों के अनुपालन में **दिनांक 08 सितम्बर 2016 को निजी क्षेत्र के मेडिकल व डेण्टल कालेजों/ संस्थानों/**विश्वविद्यालयों में आवंटन प्राप्त करने वाले छात्रों की प्रवेश सम्बन्धी समस्त औपचारिकताएं (फीस इत्यादि) सम्बन्धित काउंसिलिंग केन्द्र कानपुर, इलाहाबाद तथा मेरठ के मेडिकल कालेज कार्यालय के स्तर पर एवं काउंसिलिंग केन्द्र, लखनऊ में प्रवेश सम्बन्धी उपरोक्त कार्यवाही एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ के काउंसिलिंग स्थल पर ही सम्पन्न की जानी है।

अतः दिनांक 08 सितम्बर 2016 को प्रदेश के निजी क्षेत्र के मेडिकल व डेण्टल कालेजों/ संस्थानों/विश्वविद्यालयों में आवंटन प्राप्त करने वाले छात्रों/उनके अभिभावकों से अपेक्षित है कि वह दिनांक 08 सितम्बर,2016 को आवंटित होने वाले कालेजों/पाठ्यक्रम के शुल्क एवं अपने समस्त मूल अभिलेखों (यदि हो तो) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि शुल्क के रूप में जमा की जानी वाली बडी धनराशि का भुगतान चेक/ड्राफट के माध्यम से जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि निजी क्षेत्र के मेडिकल व डेण्टल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में आवंटन प्राप्त करने वाले छात्र यदि किन्ही कारणों से सम्बन्धित कालेजों मे प्रवेश न होने की दशा में उनके द्वारा शुल्क के रूप में जमा सम्पूर्ण धनराशि छात्र को द्वितीय कांउसिलिंग प्रारम्भ होने के पूर्व वापस कर दी जायेगी।

इस प्रकार के आवंटित छात्र (जिनका प्रवेश किन्ही कारणों से विधिवत नही हो पाया) को पुनः द्वितीय चक्र की काउसिलिंग में सीट प्राप्त/आंवटित कराने का अवसर मिलेगा, उन्हें पुनः आन लाइन पंजीकरण किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,लखनऊ की वेबसाइट www.kgmu.org पर दिनांक 9.9.2016 से कराना होगा।

महानिदेशक